# फार्मा कॉन्फ्रेंस में यूपी को पार्टनर राज्य का न्योता

**केंद्र ने मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी को भेजा पत्र**

लखनऊ। केंद्र सरकार ने फार्मास्युटिकल-2021 व इंडिया मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री विषयक छठी कॉन्फ्रेंस में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में शामिल होने का न्योता दिया है। चार दिन के इस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक दिन इस सेक्टर पर केंद्रित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भी होगी।

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय की सचिव एस. अपर्णा ने मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी को इस संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय फिक्की के साथ मिलकर 25-26 फरवरी व 1-2 मार्च को डिजिटल प्लेटफार्म पर यह कॉन्फ्रेंस कर रहा है। इसमें इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से फार्मा व मेडिकल डिवाइस सेक्टर पर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भी हो रही है। केंद्र ने प्रदेश सरकार को समिट में पार्टनर स्टेट के रूप में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। ब्यूरो